सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-165
02/04/2017

जल संसाधन विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष दिया प्रस्तुतिकरण

पटना, 02 अप्रैल 2017 :– आज मुख्यमंत्री अवास स्थित 'विमर्श' सभाकक्ष में जल संसाधन विभाग द्वारा 'माधव चितले कमिटी रिपोर्ट' पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग श्री अरूण कुमार सिंह ने गंगा नदी में हो रहे सिल्ट डिपॉजिट पर गठित माधव चितले कमिटी के रिपोर्ट के विभिन्न प्रावधानों पर मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

प्रस्तुतिकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने गंगा नदी में हो रहे सिल्ट डिपॉजिट के विभिन्न कारणों तथा उसके निदान पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिल्ट डिपॉजिट के संदर्भ में विस्तृत नेशनल सिल्ट मैनेजमेंट पॉलिसी बनाना जरूरी है। गंगा नदी को बचाये रखने के लिये सिल्ट मैनेजमेंट पॉलिसी बनाने की आवश्यकता है। गंगा नदी में लगातार सिल्ट डिपॉजिट हो रहा है। उन्होंने कहा कि फरक्का तक गंगा नदी का सर्वे करने के बाद ही गंगा नदी के संदर्भ में कम्प्रिहेंसिव नीति बनायी जा सकेगी, अधिकारी और इंजीनियर स्वयं पहले फरक्का तक गंगा नदी का सर्वेक्षण करें।

प्रस्तुतिकरण के दौरान मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चचंल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता सहित जल संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

******